CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 06-02-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDFP User: ccl Time: 02-05-2026 15:19 Color:

नवभारत टाइम्स NBT
# Delhi Times
OF INDIA
masala mix
FRIDAY, FEBRUARY 6, 2026
ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE



सिद्धार्थ मेरे एनर्जी शॉट हैं: अदिति राव हैदरी

देखें अंदर

जॉन को हम जोलेमन बुलाते हैं। वो अक्सर मेरी बहन का हाल-चाल पूछने के लिए मुझे कॉल करते हैं। शाहिद बहुत अच्छे ऐक्टर हैं। कई बार मैं उनको देखकर खुद में खो जाती थी।




मृणाल ठाकुर

# 'रितिक की फोटो किताबों में रखती थी'

रेखा खान

छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली मृणाल ठाकुर ने फिल्मों के लिए भी काफी संघर्ष किया है। इन दिनों वह अपनी फिल्म दो दीवाने शहर में को लेकर चर्चा में हैं। हमसे हुई खास बातचीत में उन्होंने बताया कि टीनेज के दौरान वह रितिक रोशन, शाहिद कपूर और जॉन अब्राहम के फोटोज छुप-छुपकर रखती थीं। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'वह सिर्फ आकर्षण नहीं बल्कि दीवानापन था और वह था तीन हीरोज रितिक रोशन, शाहिद कपूर और जॉन अब्राहम के लिए। मैं और मेरी बहन किताबों, साड़ी के बॉक्स में इन हीरोज के कटआउट्स चिपका देते थे। मैं इन फोटो के कटआउट्स को छिपाकर रखती थी। जब पापा को पता चलता कि हम लोग इन हीरोज के पिक्स काट-काट कर छिपा कर लगाते हैं, तो हम दोनों को बहुत डांट पड़ती थी।'

CONTINUED ON ▸ 3

## 'तकदीर से पसंदीदा स्टार्स संग काम किया'

मृणाल आगे कहती हैं, 'जिन तीन हीरो की फोटोज मैं किताबों में छुपाकर रखती थी, तकदीर देखिए, उन तीनों हीरोज के साथ मुझे काम करने का मौका मिला। रितिक के साथ मैंने सुपर 30 की, शाहिद कपूर के साथ जर्सी तो जॉन अब्राहम संग बाटला हाउस में काम किया।'

## बिंदास BOL

**क्या सोशल मीडिया का बच्चों पर खराब प्रभाव पड़ रहा है?**

अपने विचार आप 200 शब्दों में भेज सकते हैं। चुनिंदा जवाबों को हम प्रकाशित करेंगे।

जवाब भेजने के लिए QR कोड को स्कैन करें या 9220747220 पर वॉट्सऐप करें। जवाब dtmmresponse@timesofindia.com पर ईमेल भी कर सकते हैं। साथ में अपना नाम और Social लिखें।

पिछले सवाल के जवाब पेज 2 पर देखें

## Buzzstop

### मनोज की फिल्म को लीगल नोटिस




मनोज बाजपेयी की फिल्म घूसखोर पंडत के टाइटल को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। अब मुंबई के एक वकील ने ओटीटी प्लैटफॉर्म और फिल्म के मेकर्स को लीगल नोटिस भेजा है, जिसमें फिल्म को टाइटल को अपमानजनक बताते हुए तुरंत हटाने की मांग की गई है। वहीं दिल्ली हाई कोर्ट में भी एक याचिका में फिल्म की रिलीज को रोकने की मांग की गई है।

# मालती के लिए अस्पताल में 12-12 घंटे तक रुकते थे निक और प्रियंका




अपनी बेटी के साथ निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा अक्सर फोटोज साझा करते हैं। अब एक बातचीत में निक ने उन मुश्किल दिनों की बात की है जब मालती पैदा हुई थी। गौरतलब है कि जन्म के बाद मालती मैरी को लंबा समय NICU में बिताना पड़ा था। निक ने बताया कि उस दौरान प्रियंका और वह महीनों तक अस्पताल में 12-12 घंटे की शिफ्ट में रुका करते थे और छह ब्लड ट्रांसफ्यूजन के बाद मालती ठीक हो सकीं।

बकौल निक, 'मालती बहुत ही गंभीर परिस्थितियों में इस दुनिया में आई, जिसके बारे में मैंने पहले कभी वास्तव में बात नहीं की। हम उम्मीद कर रहे थे कि वह अप्रैल में आएगी, लेकिन फिर हमें एक कॉल आया कि वह जल्दी होने वाली है। हम अस्पताल पहुंचे और जब वह पैदा हुई तो उसका वजन काफी कम था। उसका वजन 1 पाउंड 11 औंस (765 ग्राम) था और रंग लगभग बैंगनी था।' निक ने आगे बताया, 'वह कोविड का समय था, इसलिए मेरी पत्नी और मैं साढ़े तीन महीने तक अस्पताल में करीब 12-12 घंटे की शिफ्ट में रुका करते थे। मुझे आज भी वहां का अनुभव याद है। कुछ चीजें आपके जहन में बस जाती हैं। हर दिन वहां रहना और दूसरे परिवारों को भी वैसी ही स्थिति से गुजरते देखना सुकून देने वाला भी था और डरावना भी।'



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in